प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

21.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- शिमला शहर में पिछले 7 दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त–कल से सभी सफाई कर्मी अपने काम पर लौटेंगे।

- प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को होने वाले चुनावों के लिए प्रचार जारी–पहले चरण के मतदान के लिए 24 व 25 मई को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां।

- भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन किए गए अर्पित।

- लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–कर्नाटक स्मार्ट सिटी के सफल मॉडल को हिमाचल में अपनाएंगे।
- प्रदेश के निचले मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते लू का कहर जारी–ऊना में अधिकतम तापमान 44 डिग्री से पार।

हड़ताल समाप्त

शिमला शहर में पिछले सात दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आज समाप्त हो गई है। नगर निगम महापौर और सेहब कर्मियों के बीच हुई बातचीत में कई महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति बनने के बाद कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापिस लेने का ऐलान किया। नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान कर्मचारियों को लिखित आश्वासन देते हुए कहा कि सभी सहमत मांगों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

दूसरी ओर सेहब सोसायटी के अध्यक्ष जसवंत ने कहा कि उनकी मांगों पर सहमति बनने के बाद अब कल से सभी सफाई कर्मचारी अपने काम पर लौटेंगे।

गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते शिमला शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार ने प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए महत्वकांक्षी मिशन–32 प्रतिशत शुरू किया है। इस मिशन का उद्देश्य वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण में 32 प्रतिशत तक विस्तार करना है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

पंचायत चुनाव

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होने वाले चुनावों के लिए प्रचार लगातार जारी है। इन चुनावों के लिए सभी प्रत्याशी अपने–अपने संबंधित क्षेत्रों में मतदाताओं को रिझाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। पहले चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां 24 व 25 मई को रवाना होंगी। इन चुनावों में 50 लाख 79 हजार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिनमें 25 लाख 67 हजार 7 सौ 70 पुरूष हैं जबकि 25 लाख 11 हजार 2 सौ 49 महिलाएं शामिल हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इन चुनावों में प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग रंग के करीब 60 लाख मतपत्र छपवाए गए हैं।

चुनाव तैयारी

चंबा जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। जिले की 3 सौ 19 ग्राम पंचायतों में तीन चरणों में चुनाव होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि पंचायती राज चुनावों को शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए तैयारियां जारी है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में पोलिंग पार्टियों के अलावा मतदाताओं के लिए सभी मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी जिसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दे दिए गए हैं।

उधर सिरमौर जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले में कुल एक हजार 6 सौ 41 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं, जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

पुण्यतिथि

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक में आयोजित आतंकवाद विरोधी दिवस कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में सूचना प्रौद्योगिकी के युग का सूत्रपात किया और पंचायती राज संस्थाओं व स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण भी प्रदान किया।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री 'कर्नल धनीराम शांडिल, जगत सिंह नेगी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, विधायक हरीश जनारथा और महापौर सुरेंद्र चौहान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश की एकता व अखंडता की शपथ ली।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज बेंगलुरु में ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी और स्मार्ट सिटी के माध्यम से बनाए गए मॉडल का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार ने शहरी विकास क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जल्द ही हिमाचल से शहरी विकास विभाग, नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का प्रतिनिधिमण्डल कर्नाटक में शहरी विकास कार्यों का अध्ययन करने जाएगा और इन कार्यों से प्रेरणा लेकर इसके सफल मॉडल को हिमाचल में अपनाया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि अर्बन चेलैंज फंड के लिए केन्द्र से प्रस्तावनाएं अनुमोदित करने के लिए हर सम्भव प्रयास किए जाएगें।

मौसम

प्रदेश के निचले मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते लू का कहर जारी है और मैदानी इलाकों के साथ–साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। ऊना आज प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा जहां अधिकतम तापमान 44 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह हमीरपुर के नेरी में 41, सुंदरनगर में 39 दशमलव 9, मण्डी में 38 दशमलव 8, सोलन में 36 और शिमला में 30 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रिकार्ड किया गया। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार कल 22 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते प्रदेश के कई भागों में बारिश व अंधड़ की संभावना है जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। विभाग ने किन्नौर और लाहौल स्पिति को छोड़कर अन्य जिलों में आगामी दो दिनों के दौरान आंधी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

विस्थापित

रेणुका बांध विस्थापित संघर्ष समिति ने रेणुका जी बांध प्रबंधन पर विस्थापितों की मांगों को लगातार अनदेखा करने का आरोप लगाया है। समिति के प्रैस सचिव योगेश ठाकुर ने नाहन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे पिछले 17 वर्षों से अपनी मांगों को प्रबंधन के सामने उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांध प्रबंधन ने एन.जी.टी. के आदेशों को दरकिनार करते हुए सुरंगों का निर्माण कार्य शुरू किया

और एन.जी.टी. की शर्तों को भी पूरा नहीं किया। योगेश ठाकुर ने कहा कि रेणुका जी बांध प्रबंधन विस्थापितों पर जबरन कई शर्तों को थोप रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- शिमला शहर में पिछले 7 दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त–कल से सभी सफाई कर्मी अपने काम पर लौटेंगे।
- प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को होने वाले चुनावों के लिए प्रचार जारी–पहले चरण के मतदान के लिए 24 व 25 मई को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां।
- भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन किए गए अर्पित।
- लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–कर्नाटक स्मार्ट सिटी के सफल मॉडल को हिमाचल में अपनाएंगे।
- प्रदेश के निचले मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते लू का कहर जारी–ऊना में अधिकतम तापमान 44 डिग्री से पार।